### खबर संक्षेप

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाये जायेंगे

**सतना।** सतना और मैहर जिले में 16 दिसंबर से शुरु हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविर भी लगाये जायेंगे। इन शिविरों में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्रों का पंजीयन एवं पंजीकृत निक्षय मित्रों का सम्मान किया जायेगा। इसी प्रकार शिविरों में टीबी रोग के लक्षण की जांच,उसका उपचार,निदान एवं जनसमुदाय में व्याप्त भ्रांतियों का प्रचार-प्रसार सामग्री का वितरण किया जायेगा। साथ ही चिकित्सकों द्वारा क्षय रोगियों को सलाह,संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग,पंजीकृत क्षय रोगियों के लंबित बैंक खाता प्राप्त कर निक्षय सॉफ्टवेयर में फीडिंग, आरोग्य साथी एप डाउनलोड कराना,आभा आईडी बनाना एवं मशीनों के द्वारा खून सहित अन्य प्रकार की स्वास्थ्य जांच की जायेंगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों के संबंध में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिला क्षय अधिकारी डॉ पूजा गुप्ता ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में 16 दिसंबर से 24 जनवरी 2024 तक स्वास्थ्य शिविर लगाये जायेंगे। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये। साथ ही कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई।

## नागौद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**सतना।** थाना परिसर नागौद में एसडीएम,अनुविभागीय (पुलिस) अधिकारी,तहसीलदार,थाना प्रभारी,थाना प्रभारी जसो,थाना प्रभारी सिंहपुर सहित नागौद के सभ्रान्त गणमान्य नागरिकों सहित करीब 100 लोगों की संख्या की उपस्थिति में शांति समिति की मीटिंग ली गई। शांति समिति की मीटिंग में धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाऊड स्पीकर डीजे सम्बोधन प्रणाली) के संबंध में दिशा निर्देश व खुले में तथा बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुये पशु मांस तथा मछली के विक्रय के प्रतिबन्ध के संबंध में दिशा निर्देश से अवगत कराया जाकर अक्षरसः पालन किये जाने हेतु आगाह किया गया जिसमें उपस्थित नागरिकों के द्वारा शर्तों का पालन किये जाने हेतु अपनी सहमति जताई गई है।

### गंदा पानी पीने को मजबूर किसान एवं मजदूर, विश्राम केंद्र पर लटका ताला

# धान खरीदी केंद्र प्रभारी को तहसीलदार ने लगाई फटकार



**मैहर।** धान खरीदी केंद्र में भारी अनियमितताएं देखी जा रही है। खरीदी केंद्र में किसानों द्वारा लाई गई धान की तौल में भारी अनियमितताएं सामने आ रहीं है तो वहीं निर्धारित मानकों के अनुसार तय सुविधाएं भी किसानों को नहीं दी जा रहीं हैं। तौल से लेकर पेयजल और विश्राम व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।



### पेय जल की टंकी में तैर रहे बांस, दीवारों पर जमी काई

दूर-दराज से आये किसान गंदी टंकी का दूषित पानी पीने को मजबूर है। पेय जल हेतु निर्धारित टंकी के अंदर पानी में बांस तैरते दिखाई दे रहे हैं तथा टंकी की अंदरूनी दीवारों पर मोटी काई जमी हुई है। टंकी के बाहर चारो ओर भी गंदगी का अंबार है। किसी भी नजरिये यह इस टंकी का पानी पीने योग्य नहीं है। फिर भी मजबूर किसान दूषित जल पीने को मजबूर है।

**विश्राम स्थल पर लटकता है ताला**

खरीदी केंद्र प्रांगण में किसानों हेतु निर्धारित किसान विश्राम स्थल तो मौजूद है किंतु उसका लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। विश्राम केंद्र पर हर समय ताला लटकता रहता है। भारी ठंड में किसान खुले आसमान के नीचे अपना नम्बर आने का इन्तजार करते हैं।शाषन के निर्देशानुसार अन्य सुविधाओं का भी आभाव है। सूत्रों की मानें तो जिम्मेदारों द्वारा किसानों की सुविधाओं के नाम पर मोटी राशि आहरित की जाती है तथा भ्रष्टाचार कर तिजोरी भरी जाती है।

### निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाओं पर भड़के तहसीलदार

शुक्रवार को मैहर तहसीलदार जितेंद्र पटेल ने हरनामपुर स्थित धान खरीदी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया।तहसीलदार ने धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट,नापतौल,बायोमेट्रिक डिवाईस का उपयोग,रख रखाव, पेयजल,किसानों के विश्राम स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अव्यस्थाओ को देखकर खरीदी प्रभारी मुकेश पाठक को फटकार लगाई तथा तत्काल सारी व्यावथाओ को तय मानकों के अनुरूप करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।धान खरीदी केन्द्र में बारदाने की उपलब्धता,किसानों का आधार लिंकिंग,टोकन के आधार पर धान खरीदी का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मैहर तहसीलदार ने धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की सतत निरागनी रखने तथा बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# उप मुख्यमंत्री ने किये शारदा मां के दर्शन

### सतना-मैहर के विकास का दिलाया भरोसा

**सतना।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार राजेंद्र शुक्ला रेवांचल एक्सप्रेस से सुबह मैहर पहुंचे। स्टेशन पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा,मंडल कार्यकर्ताओं एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के मैहर जिला के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की ओर से प्रथम आगमन पर रेलवे स्टेशन पर स्थानीय जन प्रतिनिधियों,आम नागरिकों ने बैंड बाजा और मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर नव निर्वाचित विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,पूर्व विधायक सेमरिया केपी त्रिपाठी,स्पीकर नगर निगम रीवा भी उपस्थित रहे। स्टेशन से कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला त्रिकूट पर्वत स्थित मां शारदा के दर्शन करने हेतु मंदिर पहुंचे।मंदिर में प्रधान पुजारी पवन पाण्डेय एवं सुमित पाण्डेय ने श्री शुक्ला से विधि विधान पूर्वक मां शारदा की पूजा करवाई। पूजा-अर्चना के उपरांत देवीजी प्रांगण स्थित रेस्टहाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़े की गूंज के साथ उप मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए अजगर माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री शुक्ला मैहर सर्किट हाउस पहुंचे,जहां उन्होंने कलेक्टर रानी बाटड से प्रशासनिक गतिविधियों पर चर्चा की। श्री शुक्ला ने दुष्कृत्य के एक मामले पर ध्यानाकर्षित किये जाने पर कहा कि भाजपा महिलाओं एवं बच्चियों के संरक्षण एवं नारी उत्पीडन के खिलाफ सख्त कार्यवाही के प्रति दृढ़संकल्पित है।ऐसे मामलों में पुलिस नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करेगी।

### प्रदेश के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि सतना एवं मैहर का सर्वांगीण विकास रीवा जिले के समान किया जायेगा। प्रदेश के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। नर्मदा का जल अतिशीघ्र मैहर और सतना पहुंचेगा। श्री शुक्ला ने कहा कि बरगी नहर का काम अगस्त तक पूरा होने की संभावना है। सतना एवं मैहर जिलों के किसानों को सिंचाई के लिये पानी मिल सके।

### आचारी आश्रम मंदिर पहुंच कर की पूजा-अर्चना

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट



पहुंचने पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री का हार्दिक स्वागत किया। श्री शुक्ला ने गुरुदेव आचारी मंदिर आश्रम चित्रकूट पहुंच कर मंदिर में विधिविधान पूर्वक पूजा-अर्चना की एवं हवन किया।तदोपरांत लोकार्पण कार्यक्रम में भी शामिल हुये।

### सिविल लाइन चौराहे में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

नवनियुक्ति उप मुख्यमंत्री अपने एक दिवसीय प्रवास के तहत सतना पहुंचे। जहां सिविल लाइन चौराहे में जिलाध्यक्ष सतीष शर्मा की अगुआई में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।स्वागत करने वालो में निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन,ममता पाण्डेय,अषोक गुप्ता, विजय तिवारी, बालकृष्ण शुक्ला,कामता पाण्डेय, बालेन्द्र गौतम, कृष्णा पाण्डेय, प्रियंक त्रिपाठी,अभिषेक दत्त पाण्डेय, शैलेन्द्र शर्मा,राम बाबू त्रिपाठी, गणेश मिश्रा,संजू द्विवेदी, रमेश शुक्ला,सौभाग्य केशरी,अभिनव त्रिपाठी, रमेश तिवारी गोला, शुभम तिवारी, कार्तिकेय द्विवेदी,प्रमोद द्विवेदी, संतोष गौतम, शंकरदयाल त्रिपाठी,किरण सेन,अखण्ड प्रताप सिंह,हेमन्त पाण्डेय, यशवंत पाण्डेय, बबलू सिंह,मनीश प्रताप सिंह सुरदहा,सतीष सुखेजा,साधना पटेल,राधा श्रीवास्तव, आषीष शर्मा, सिद्धान्त त्रिवेदी,कलीम अहमद बच्चा,अनुज समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अग्रणी वैज्ञानिक प्रकाशक एडविन समूह की पत्रिकाओं में एकेएस को स्थान

**सतना।** एकेएस यूनिवर्सिटी,सतना के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के फेकल्टी डॉ.पी.आर.मीणा को विश्व के अग्रणी वैज्ञानिक प्रकाशक एडविन समूह की पत्रिकाओं में उनकी उत्कृष्ट प्रतिबद्धता जीवी,समर्पण और अथक समर्थन देने की वजह से संपादकीय सदस्य बनाया गया हैं। उल्लेखनीय है को डॉ.मीणा 10 अन्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में भी संपादक और सदस्य के रूप में शामिल हैं और अब तक 20 शोध पत्र प्रकाशित कर चुके हैं और 51 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों में भी हिस्सा ले चुके हैं। डॉ. मीणा, राजस्थान के टोंक जिले से संबंध रखते हैं और विश्वविख्यात बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी,वाराणसी के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग से डॉक्टरेट,पोस्ट-ग्रेजुएट और महाराणा प्रताप कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,उदयपुर राजस्थान से खाद्य प्रौद्योगिकी विषय में अभियांत्रिकी स्नातक और साथ ही इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व विद्यालय,नई दिल्ली से ग्रामीण विकास प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा की शिक्षा अर्जित कर चुके हैं और यूजीसी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुके हैं। साथ ही महाराष्ट्र राज्य के महात्मा फूले कृषि विद्यापीठ,राहोरी से संबद्ध खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में प्राचार्य पद के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। डॉ.मीणा ने इस उपलब्धि का श्रेय एकेएस विश्वविद्यालय परिवार को दिया है।



# ध्वनि प्रदूषण पर प्रशासन हुआ सख्त, चार जोनों में तय किए शोर- शराबे के मापदंड



### उड़न दस्ता गठित,पहले परीक्षण फिर की जाएगी कार्यवाही

**सतना।** मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर जिला प्रशासन ध्वनि प्रदूषण के मामले में सख्त कार्रवाई करने के लिए अलर्ट मोड पर आ गया है। शुक्रवार को यहां पुलिस कंट्रोल रूम में धर्म गुरुओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ध्वनि प्रदूषण के संदर्भ में सख्त दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि इसे चार जोनों में बांटा गया है और जहां पर धार्मिक संस्थाओं में बजने वाले लाउडस्पीकर के डेसीबल भी तय किए गए हैं।एसडीएम नीरज खरे ने बताया कि अनियंत्रित कोलाहल के संबंध में बैठक बुलाई गई है। शासन द्वारा किस रेंज में कहां पर कितनी तेज लाउडस्पीकर बजेंगे इसके मापदंड तय किए गए हैं और धर्म गुरुओं को इस संदर्भ में अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि उड़नदस्ते भी गठित किए गए हैं,जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर धर्म गुरुओं की बैठक बुलाई गई और सभी को अवगत कराया गया। उन्होंने



बताया कि 4 जोन में बांटा गया है पहला कमर्शियल एरिया,इंडस्ट्रियल एरिया,रेजिडेंशियल एरिया और एक साइलेंट जोन है। हर जगह में ध्वनि को लेकर अलग-अलग पैमाने थे किए गए हैं। रेजिडेंशियल एरिया में ज्यादातर धार्मिक संस्थान हैं यहां पर दोपहर के वक्त 55 डेसीबल और रात के वक्त 45 डेसीबल तक की आवाज में लाउडस्पीकर बजाए जा सकेंगे। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बैठक में प्रदूषण विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने यह भी बताया कि उड़नदस्ते गठित किए गए हैं पहले लाउडस्पीकर की आवाज के माध्यम का परीक्षण किया जाएगा और यदि इसके द्वारा भी नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**खुले में मांस और अंडे की बिक्री नहीं होगी**

बैठक में यही कहा गया है कि खुले में मांस और अंडे की बिक्री नहीं की जाएगी। अगर ऐसा करते हुए कोई व्यक्ति पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### रात 10 बजे के बाद नहीं बजेगा लाउडस्पीकर और डीजे

शादी बारात का सीजन हो या कोई भी कार्यक्रम हो रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर और डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से होगी प्रारंभ

### तैयारी संबंधी बैठक संपन्न

**सतना।** भारत सरकार द्वारा देश में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा सतना एवं मैहर जिले में 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2024 तक 40 दिवस चलेगी। संकल्प यात्रा की तैयारी संबंधी बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संयुक्त सचिव प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग भारत सरकार एवं प्रभारी अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा,कलेक्टर मैहर रानी बाटड,आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत,अपर कलेक्टर ऋषि पवार,एसडीएम सिटी नीरज खरे,उपायुक्त भूपेंद्रदेव परमार सहित विभाग प्रमुख अधिकारी, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायतो के सीईओ सहित विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रभारी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। संयुक्त सचिव एनबीएस राजपूत ने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने चैनलों के माध्यम से ग्रामीणों एवं शहरी क्षेत्र के नागरिकों को जानकारी भेजें। साथ ही संकल्प यात्रा के प्रदर्शन बोर्ड भी लगायें। संकल्प यात्रा की जानकारी व्हाट्सअप ग्रुप एवं अन्य सोशल मीडिया का माध्यम से अधिक से अधिक लोगों के बीच प्रचारित करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान कार्ड,उज्जवला योजना,कृषि क्रेडिट कार्ड,नवीन खाता खोलना,स्वस्थ भारत मिशन,खाद्य सुरक्षा,गुणवत्ता शिक्षा,स्वास्थ्य सेवाएं,उचित पोषण,गरीबों के लिए आवास,वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज,सांस्कृतिक कार्यक्रम और ड्रोन प्रदर्शन भी होगा। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए "मेरी कहानी-मेरी जुबानी" जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के,स्वच्छता गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। ड्रोन प्रदर्शन द्वारा प्राकृतिक खेती,स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया जायेगा। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने बताया कि यात्रा के लिये नियुक्त किये गये सभी नोडल अधिकारी सतत मॉनीटरिंग करेंगे। एलडीएम एवं संबंधित बैंक प्रबंधकों से संपर्क बनायें। विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ शनिवार 16 दिसंबर को अपरान्ह 4 बजे सतना शहर में चौपाटी सिविल लाईन से होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रेजेंटेशन एवं यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी परियोजना अधिकारी गौरव शर्मा ने प्रस्तुत की।

# शव वाहन नहीं मिलने से गरीब परिजन हाथ ठेला पर ले गए मृतक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में फिर एक बार बेहतर व्यवस्थाओं का राग अलापने वाले स्वास्थ विभाग की हकीकत सामने आई है जहां मृतक के पोस्टमार्टम उपरांत शव को ले जानें के लिए शासन की ओर से किसी भी प्रकार की मदद नहीं मिल सकी और न ही शव वाहन की व्यवस्था अस्पताल प्रबंधन द्वारा कराई गई जिससे एक गरीब परिवार के लोगों ने हाथ ठेले में ही अपने मृतक के शव को रखकर घर ले गए, ऐसा नही है कि हटा में यह पहला मामला हो इसके पूर्व भी कई ऐसी हकीकत सामने आई जिसमें मानवता तो शर्मसार हुई है लेकिन उसके बाबजूद भी व्यवस्थाओं को बनानें वाले जिम्मेदार गरीबों की मदद करनें से परहेज करते नजर आते है। मामला नगरीय क्षेत्र के चण्डी जी वार्ड का है जहां कमलेश अहिरवार पिता मोहन अहिरवार उम्र 40 वर्ष की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में धनुषधारी मंदिर के समीप मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार बुधवार की दरमियानी रात तीन बजे के आसपास चंडी जी वार्ड निवासी कमलेश अहिरवार जो मानसिक तौर पर बीमार बताया जा रहा था वह नगर के पन्ना नाका के आगे स्थित धनुषधारी मंदिर के पास नग्न अवस्था में रात्रि के तीन बजे देखा गया था जिसकी सूचना मंदिर के पास रहने वाले ने 100 डायल को दी गई थी लेकिन सुबह उसे मृत अवस्था में देखा गया जहां परिजनों को सूचना दी गई एवं घटना कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### गरीबों के साथ हो रहा खिलाबाड़

अक्सर देखा जाता है कि शासन प्रशासन गरीबों के हित में व्यवस्थाओं को बनानें का तो राग हमेशा से अलापती चली आ रही है लेकिन उन तक व्यवस्थाओं को पहुंचाए जाने में नाकाम साबित होती नजर आती है जिस कारण असहाय गरीब परिवार हमेशा शासन की व्यवस्थाओं से बंचित होता चला आ रहा है जिसका जिम्मेदार कोन है यह कोई नहीं बता सकता। जबकि नियमानुसार यदि स्वास्थ विभाग की गाइडलाइन व शासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं पर नजर दौड़ाई जाए तो यदि व्यक्ति गरीब है और वह व्यवस्थाएं बनानें में असमर्थ है तो उसके लिए शासन द्वारा शव वाहन की व्यवस्था बनाई गई है लेकिन सिविल अस्पताल में देखा जाए तो कई बार ऐसे मामले सामने आए है जहां गरीब दीनहीन लोग अपनी हैसियत से शव को ले जानें व्यवस्था कर लेते है परंतु जो व्यव्स्था बनानें का काम सिविल अस्पताल का है वह हमेशा की तरह अपना पल्ला झाड़ता नजर आता है। स्वास्थ विभाग भले ही लाखो रू वाहनों पर खर्च करती चली आ रही हो लेकिन किसी गरीब को शव ले जानें के लिए शव वाहन उपलब्ध न कराया जाना कितना शर्मसार है।



## सागर लोकायुक्त ने ठेकेदार की शिकायत पर दमोह पहुंचकर किया ट्रेप

# आरईएस के रिश्वतखोर बाबू 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ग्रामीण यांत्रिकी विभाग दमोह के संभागीय कार्यालय में चलने वाले कमीशन/ रिश्वतखोरी के खुले खेल पर ट्रेप कार्यवाही करने पहुची सागर लोकायुक्त की टीम ने चर्चित बाबू अंकित सैनी को ईई के खाली पड़े चेंबर में दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ने के बाद में भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही की है। दरअसल शिकायतकर्ता ठेकेदार प्रमोद तिवारी ने सागर लोकायुक्त एसपी को एक लिखित शिकायत देते हुए बताया था कि उनके द्वारा हिनौती रामगढ़ में एक स्टाफ डैम का निर्माण कराया गया है। जिसके



24 लाख रुपए का बिल ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दमोह कार्यालय में लगाए जाने के बदले में संविदा वर्ग तीन लिपिक अंकित सैनी के द्वारा एक प्रतिशत कमीशन के रूप में 24000 रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है। उपरोक्त शिकायत की पुष्टि करने के बाद गुरुवार दोपहर सागर लोकायुक्त की टीम डीएसपी मंजू सिंह एवं निरीक्षक रोशनी जैन के नेतृत्व ने दमोह पहुंचकर आरईएस कार्यालय में अपना जाल फैलाया। जैसे ही संविदा बाबू अंकित सैनी ने ईई के खाली पड़े चेंबर में ठेकेदार प्रमोद तिवारी के हाथों से रिश्वत के 10000 रुपये लिए वैसे ही लोकायुक्त टीम ने अंकित बाबू को दबोचने में देर नहीं की। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय की ग्राम पंचायत में होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों के आधे अधूरे घटिया होने के बावजूद ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के सहायक यंत्री उपयंत्री सहित अन्य की मिलीभगत से भारी कमीशन के बीच बरसों से भुगतान होता आ रहा है। यहां तक कि यहां के एक उपयंत्री वर्षो से फर्जी मार्कशीट पर नौकरी कर रहे हैं इस बात की जानकारी बड़े अधिकारियों से लेकर छोटे कर्मचारी तक को है। फिर भी कार्यवाही करने के बजाय उनकी

## दिव्यांग बच्चों की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

**दमोह।** तहसील ग्राउंड स्थित मूक बदिर विद्यालय प्रांगण में विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष में दिव्यांग बच्चों की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सुबह 10 बजे जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस के नेमा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता प्रारंभ कराई गई । दिव्यांग बच्चों ने 50 एवं 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, आलू दौड़, कुर्सी दौड़, नींबू दौड़ एवं रंगोली मेहंदी व चित्रकला प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की प्रतियोगिता में सभी विधाओं में बच्चों ने प्रतिभा दिखाई जिसमें 100 मीटर दौड़ में प्रथम सत्यम यादव, बबली पटैल, दीक्षा रजक, पूना लोधी, 50 मीटर मालती बंसल, बंदना कुशवाहा, मोहनी पटैल, आलू दौड़ बीरू रैकवार, भवित पटैल, रंगोली मोहनी पटैल, लक्ष्मी ठाकुर, निवेदिता जाटव, मेहंदी बबली पटैल अंजना अहिरवार, गीता अहिरवार के साथ सभी द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे व सम्मलित सभी बच्चों को जिला पंचायत सीईओ श्री वर्मा एवं उपस्थित समस्त बी आर सी में ललित रैकवार, प्रमेंद्र वैद्य, पीएल अहिरवार, दिलीप उपाध्याय, जिनेन्द्र जैन, उमेश पाठक द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।

# तीसरे दिन भी जारी रही ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्य डाकघर दमोह में धरना प्रदर्शन, नारेबाजी और ताबड़तोड़ तरीके से मनोबल बढ़ाते और संघर्ष करते हुऐ संभागीय अध्यक्ष धुर्वे कुमार धतुरहा, अध्यक्ष राजू प्रसाद पाठक, कोषाध्यक्ष केशव शर्मा, उपाध्यक्ष गोविन्द उपाध्याय, जिला सचिव वीरेन्द्र राजपूत, शाखा डाकपाल आकाश पटेल, निशांत श्रीवास्तव, बुद्धि प्रकाश, योगेश बाजपेई, सौरभ राही, शिवम पटेल, रजनी विश्वकर्मा, योगिता सहित हटा और बटियागड़ के भी अन्य सभी डाक सेबकों कि उपस्थिति रही। अध्यक्ष कि उपस्थिति में क्ष्च आरिफ खान को अपनी समस्त जायज मांगों और सेबकों पर हो रहे मानसिक प्रताड़ना को रोकने हेतु ज्ञापन सौंपा गया साथ ही डाक सेबकों को पूर्ण रुप से शासकीय करने और ग्रेज्युटी,बीमा सहित 8 घंटे कार्य और पेंशन सहित समस्त लाभ के लिए दमोह मेनगेट पर नारेबाजी कि गई। लाड़ली बहने, किसान सम्मान निधि,आम जनता इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के प्रभाव में पूर्ण रुप से है इस अनिश्चितकालीन हड़ताल से सभी गांवों में चिट्ठी, पार्सल और जरूरी दस्तावेजो का आदान-प्रदान पूर्ण रुप से बंद होना भी जनता कि परेशानी का विषय है।

# गोंडवाना एक्सप्रेस के बाथरूम में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या




**दमोह।** ग्रहों के विपरीत सहयोग के चलते पारिवारिक विवाद के हालात में तनावग्रस्त लोगों के आत्मघाती कदम उठाने के घटना क्रम लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला दिल्ली से पथरिया लौट रही एक महिला के ट्रेन के बाथरूम में फांसी लगा लेने का सामने आया है। जिसकी जांच में अब रेलवे पुलिस जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पथरिया थाने के बोबई गांव निवासी बबलू अठ्या की पत्नी ताराबाई 35 वर्ष परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दिल्ली से मजदूरी करके बीती रात गोंडवाना एक्सप्रेस से पथरिया वापस लौट रही थी। निजामुद्दीन जबलपुर 22182 ट्रैन के पीछे वाले जनरल कोच के बाथरूम में जाकर ताराबाई ने फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। उनके देर तक बाथरुम से नहीं निकलने पर परिवार के सदस्यों ने जब बाथरूम का दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। बाद में अनहोनी की आशंका के चलते धक्का देकर दरवाजा खोलने पर ताराबाई फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। जिसकी सूचना दमोह जीआरपी और आरपीएफ को दिए जाने पर जीआरपी से चौकी प्रभारी एएसआई महेश कोरी ने टीम के साथ प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेन के कोच में पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम कार्रवाई हेतु रवाना किया। फिलहाल जीआरपी पूरी घटनाक्रम की जांच कर रही है। फांसी लगाने की वजह अज्ञात है लेकिन आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन में पारिवारिक विवाद के बाद गुस्से में महिला द्वारा पथरिया में उतरने की बजाय बाथरूम में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

## रोड़ स्वास्थ्य केंद्र में शाम 6 बजे के बाद लटका ताला

**बनवार।** रोड़ स्वास्थ केंद्र को क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रसव केंद्र बनाया गया है लेकिन स्वास्थ्य अमले की लापरवाही से महिलाओं को सही तरीके से स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल रहा है। यहां शाम होते स्वास्थ्य केंद्र में लटका मिला और यहां पर डिलेवरी कराने आने वाली महिलाओं को बनवार जबेरा स्वास्थ्य केंद्र के लिए भटकना पड़ा क्योंकि स्थानीय लोगो का आरोप है पदस्थ अमला हमेशा नदारत रहने के कारण ताला लटका रहता है। जिसके कारण वहां पर डिलेवरी न होने के कारण महिलाओं बनवार जबेरा स्वास्थ्य जाना पड़ता है। जिससे यहां पर व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई है। रोड़ स्वास्थ्य केंद्र में डिलेवरी प्वाइंट खोला गया, ताकि इस क्षेत्र की महिलाएं लोगों के लिए स्वास्थ्य लाभ मिल सके। एवं दो स्टॉप नर्स को रखा गया है, लेकिन बुधवार की शाम 6बजे से 8 बजे बीच डिलेवरी प्वाइंट में ताला लगा रहने यहां पर डिलेवरी के लिए आई महिलाओं लौटना पड़ा।

# असाटी महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शहर के असाटी वार्ड नंबर एक स्थित संस्कार भवन में असाटी महिला मंडल के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन सफल समापन किया गया यह श्रृंखला असाटी महिला मंडल के द्वारा पिछले एक वर्ष से निरंतर चल रही है जिसमें प्रति माह दमोह के हर घर से क्रमानुसार एक असाटी परिवार आगे बढ़कर सुंदरकांड करने का शुभ अवसर प्राप्त करता है जिसमें समाज की सभी बहने बढ़-चढ़कर सहभागिता देती है सभी एकत्रित होकर श्री राम दरबार के समक्ष पूजा वंदना कर सामूहिक सुंदरकांड,हनुमान चालीसा, सामूहिक आरती के साथ-साथ भजन करते हैं इस सत्संग के माध्यम से समाज की सभी बहने धर्म लाभ तो अर्जित करती ही हैं और प्रतिमाह एक दूसरे से मिलती है आपसी प्रेमभाव बढ़ता है जो समाज की एकता एवं संगठन को मजबूत बनाता है धर्मयुक्त कर्म का परिणाम बहुत ही सुखद और संतोषजनक होता है इसी भावना के साथ असाटी महिला मंडल के द्वारा इस श्रृंखला का शुभारंभ किया गया था असाटी महिला मंडल के सभी सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता का श्रेय असाटी समाज की समस्त बहनों को जाता है जिन्होंने असाटी महिला समिति का भरपूर सहयोग किया साथ में यही भी बताया कि यह श्रृंखला पुनः 2024 जनवरी से यथावत आरंभ हो जाएगी कार्यक्रम के चलते समाज की बड़ी समिति अर्थात असाटी समाज समिति एवं युवा समिति ने अपने समस्त पदाधिकारियों के साथ संस्कार भवन पहुंचकर महिला मंडल के इस सुंदरकांड कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दे कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाकर सामूहिक आरती कर सुंदरकांड में उपस्थित समस्त बहनों को उनके घर के देवालय हेतु सुंदर कंबल उपहार स्वरूप वितरित किए असाटी महिला मंडल असाटी समाज समिति एवं युवा समिति के इस उत्तम काज की प्रशंसा करती है उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होकर सहकारिता का परिचय देते हुए महिला मंडल का मान बढ़ाया महिला मंडल असाटी समाज समिति एवं युवा समिति के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त करती है कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण एवं जलपान के साथ कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

## महिलाओं और युवाओं के लिये ब्यूटी पार्लर और टेलरिंग का सिखायेंगे कौशल

# कौशल विकास के लिये दो विशेष पाठ्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हीडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड (HCIL) ने नरसिंहगढ़, दमोह में स्थानीय हितधारकों के लिए एक सराहनीय कौशल विकास पहल शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है। यह पहल सीईडीएमएपी (CEDMAP) के सहयोग से चलाई जा रही है, जो ग्रामीण उद्यमिता विकास पर एक गैर-लाभकारी संस्था है। पहल के तहत दो विशेष पाठ्यक्रमों - ब्यूटी पार्लर और टेलरिंग - का आयोजन किया गया है, जो तीन महीने की अवधि के हैं। इन पाठ्यक्रमों में स्थानीय महिलाओं और युवाओं को सौंदर्य सेवाओं और परिधान निर्माण के क्षेत्रों में व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान किया जा रहा है। पहल का नेतृत्व श्री दीपक ठाकुर कर रहे हैं, जो HCIL के सीएसआर विभाग का नेतृत्व करते हैं।श्री दीपक ठाकुर ने इस पहल के बारे में कहा, ₹हम नरसिंहगढ़ के समुदाय को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कौशल विकास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ब्यूटी पार्लर और टेलरिंग जैसे पाठ्यक्रम स्थानीय लोगों को बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाएंगे और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगे। पहल की सफलता के लिए सीईडीएमएपी का योगदान महत्वपूर्ण है। सीईडीएमएपी ने पाठ्यक्रमों को डिजाइन करने, प्रशिक्षकों की व्यवस्था करने और प्रतिभागियों को उद्यमिता विकास पर मार्गदर्शन देने में सक्रिय भूमिका निभाई है। पाठ्यक्रमों में भाग लेने वाली महिलाओं ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक प्रतिभागी, रीता कुमारी ने कहा, ₹मुझे ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण लेने का मौका मिलने से मैं बहुत खुश हूं। अब मुझे विश्वास है कि मैं अपना खुद का सैलून खोल सकती हूं और स्वतंत्र रूप से कमा सकती हूं। HCIL की यह पहल नरसिंहगढ़ के समुदाय के लिए एक वरदान साबित हो रही है। यह न केवल स्थानीय लोगों को कौशल विकसित करने और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि ग्रामीण आर्थिक विकास में भी योगदान देता है। हीडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड के यूनिट हेड श्री सुनील कुमार ने कहा उम्मीद है कि HCIL और सीईडीएमएपी के इस सार्थक प्रयास से नरसिंहगढ़ का समुदाय आत्मनिर्भर और समृद्ध बन सकेगा।

# आरोपियों के कब्जे से पिस्टल, कारतूस सहित गाजा बरामद

**अमानगंज।** पन्ना पुलिस द्वारा अमानगंज थाना क्षेत्र मे अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) का परिवहन एवं विक्रय करने वाले 02 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार आरोपियो के कब्जे से 01 अवैध देशी पिस्टल व 01 जिंदा कारतूस कीमती करीब 40 हजार रूपये सहित कुल 06 किलो 200 ग्राम सूखा मादक पदार्थ (गांजा ) कीमती करीब 01 लाख 40 हजार रूपये का जप्त किया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों/ चौकी प्रभारियों को मादक पदार्थ (गाँजा) का परिवहन, ब्रिकय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार समस्त थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा मुखविर तंत्र को सक्रिय किया गया है । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी आमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग कटनी तरफ से बस मे सवार होकर अमानगंज में अवैध गांजा ला रहे है । थाना प्रभारी अमानगंज द्वारा उक्त सूचना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना अमानगंज में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी गुनौर श्री ग्लैडविन कार के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अमानगंज के नेतृत्व




मे पुलिस टीम का गठन कर मौके पर रवाना किया गया ,पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार बस स्टेंड अमानगंज पहुँचकर देखा गया । मौके पर बस स्टेंड अमानगंज मे 02 संदिग्ध व्यक्ति बैग लेकर बस से उतर रहे थे जो पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगे । पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबन्दी करते हुये सभी संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर सभी से उनके नाम पता पूँछने पर उन्होने अपने नाम क्रमशः 1. पंकज यादव पिता पवन कुमार यादव उम्र 24 साल निवासी ग्राम डोभा 2. सूरज आदिवासी पिता कालकादीन आदिवासी उम्र 19 साल निवासी ग्राम इटवाँ बताया ,पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्तियों के कब्जे से पाये गये बैगो की तलाशी ली गई तो कुल 06 किलो 200 ग्राम कुल कीमती करीबन 01 लाख 40 हजार रुपये का होना पाया गया । पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से मादक पदार्थ (गाँजा ) के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि हम म.प्र. के बाहर से सस्ते दामो में खरीदकर लाभ कमाने के उद्देश्य से पन्ना में अच्छे दामो में बेचने के लिये लाये हैं । साथ ही जामा तलाशी के दौरान उक्त आरोपियों मे से पंकज यादव के पास से 01 अवैध देशी पिस्टल व 01 जिंदा कारतूस कीमती करीबन 40 हजार रुपये की जप्त की गई पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त सभी आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना अमानगंज मे अप.क्र. 521/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट ,धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पंजीबध्द किया गया । उक्त कार्यवाही पश्चात आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है । मामले में विवेचना जारी है ।

**सराहनीय योगदान-** उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया ,सउनि श्रीलाल राजपूत , सउनि रामनिवास कोल , प्र. आर. मुकेश सोनी, रज्जाक बान, गिरधारी साहू, आर. राजीव मिश्रा,हेमन्त एवं पुलिस सायबर सेल प्रभारी उनि. अनिल सिंह राजपूत सहित सम्पूर्ण सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## खबर संक्षेप

### एसपी ऑफिस में आवेदन देकर महिला ने लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।** जिले के सटई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नदगांय बट्टन में पूरे परिवार के साथ मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। पीड़ित परिवार के मुताबिक मजदूरी के पैसे मांगने पर आरोपियों ने मारपीट की है। थाने में पुलिस द्वारा रिपोर्ट न लिखे जाने के बाद पीड़ित परिवार ने जिला मुख्यालय आकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत आवेदन दिया है। पीड़ित महिला संगीता पत्नी बस्सू बंसल ने बताया कि गांव के काशीराम, पर्वत, सेठलाल, हल्के, गिरजा और लल्लाबेटा के लिए उसके परिवार ने मजदूरी की थी जिसके 10 हजार रुपए मिलना शेष थे। गुरूवार को संगीता ने उक्त लोगों से मजदूरी के पैसे मांगे थे, जिससे उक्त लोग नाराज हो गए और शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे घर में घुसकर संगीता, उसके पति बस्सू, पुत्र सूरज और पुत्री अंजनी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। संगीता का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने ब्लेड भी चलाई जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हुआ है। संगीता के मुताबिक घटना के बाद वह सटई थाने में शिकायत करने गई थी लेकिन पुलिस ने उसकी बात नहीं सुनी, जिसके बाद पूरा परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय आया है। एसपी को आवेदन देकर संगीता ने कार्यवाही कराने की मांग की है।

### पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

**छतरपुर।** म.प्र. लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा 17 दिसम्बर 2023 को आयोजित होनी वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 के लिए आयोग के निर्देशानुसार जिले में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नम्बर 07682-243590 है। कण्ट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजीव सिंह होंगे। श्री सिंह का मोबाइल नम्बर 9425136317 है। इनके सहयोग के लिए नियुक्त अंकित चतुर्वेदी सहा. ग्रेड-3 जिला लोक अभियोजन कार्यालय छतरपुर का मोबाइल नम्बर 9584823300 है।

### सीएम के आदेश का असर, खुले में नहीं बिकेगा मांस

**छतरपुर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी छतरपुर द्वारा खुले में पशु मांस एवं मछली विक्रय पर प्रतिबंध के संबंध में आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 268 व 269 के अंतर्गत खुले में तथा बिना अनुमति पत्र (लाइसेंस) अथवा लाइसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए पशु मांस व मछली विक्रय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही 15 दिसंबर से 31 दिसंबर 2023 तक विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। निकाय में पदस्थ संजेश नायक तथा रविन्द्र पाल तिवारी स्वच्छता निरीक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### दो उपार्जन केन्द्र के स्थलों में आंशिक संशोधन

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा स्थानीय कृषकों की मांग एवं उनकी सुविधा एवं स्थान की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए जिला उपार्जन समिति द्वारा लिये गए निर्णय अनुसार उपार्जन केन्द्रों के स्थलों में आंशिक संशोधन किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार तहसील स्लीमनाबाद में गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति तेवरी का उपार्जन स्थल तिवारी वेयर हाउस स्लीमनाबाद किया गया है। इसी तरह तहसील कटनी नगर स्थित उपार्जन केन्द्र कन्हवारा में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कैलवाराकला द्वारा संचालित गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र स्थल को संशोधित किया जाकर एस.एस.जैन वेयर हाउस इन्द्रानगर बायपास किया जाकर उपार्जन स्थल पर तत्काल संपूर्ण व्यवस्था कराकर उपार्जन कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए है।

## सीएमएचओ डॉक्टर लखन तिवारी पर जिले भर में लग रहे सुविधा शुल्क लेने के आरोप?

# सीएमएचओ ने कलेक्टर के निर्देशों को धुएं के छल्ले में उड़ाया

**छतरपुर।** लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों की बाड़ सी छतरपुर जिले में आ गई है। हर गांव गली मोहल्ले में कोई न कोई झोलाछाप डॉक्टर हाथ में इंजेक्शन, दवाइयां लिए मरीजों का ईलाज करते हुए मिल जायेगा। लोगों की जान की परवाह किए बिना इलाज कर रहे इन डॉक्टरों को प्रशासनिक कार्रवाई का कोई भय नहीं है। क्योंकि स्वास्थ्य विभाग का महकमा खुद इस गोरख धंधे में शामिल है।

आरोप है कि वर्तमान सीएमएचओ तिवारी झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही ना करने का आश्वासन देकर उनके द्वारा मासिक रिचार्ज किया जा रहा है। एक माह तक उन पर कोई कार्यवाही नहीं होंगी। डॉक्टर पर कार्रवाई को लेकर पूर्व में छतरपुर कलेक्टर भी सीएमएचओ को फटकार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी फटकार का भी सीएमएचओ पर कोई असर नहीं हुआ।

### जिले के सटई, बिजावर, राजनगर क्षेत्र में गांव

गांव में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। पान की गुमटियों जैसी दुकानों में झोलाछाप डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। मरीज चाहे उल्टी, दस्त, खांसी, बुखार से पीड़ति हो या फिर अन्य कोई बीमारी से। सभी बीमारियों का इलाज यह झोलाछाप डॉक्टर करने को तैयार हो जाते हैं। मरीज की हालत बिगड़ती है तो उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल रैफर कर दिया जाता है। जबकि यह लापरवाही स्वास्थ्य विभाग के बिजावर,राजनगर में बैठे बीएमओ से लेकर आला अधिकारियों तक को है पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### दवाइयों का लाइसेंस नहीं, फिर भी बना रखा है स्टॉक -

सरकार द्वारा मेडिकल स्टोर संचालित करने की अनुमति लेने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होता है। जिस के लिए कुछ योग्यताएं निर्धारित की गई है। छतरपुर जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर लखन तिवारी को जब से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छतरपुर बनाया गया है तभी से स्वास्थ्य विभाग में अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार का बोलबाला है।






जिले में अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम व नर्सिंग कॉलेज को लेकर कई बार विभाग द्वारा करवाई करने के लिए टीम बनाई गई, लेकिन छुटपुट कार्रवाई कर उन्हें छोड़ दिया गया। इसी तरह जिले के सैकड़ो झोलाछाप डॉक्टरों से वसूली करने के आरोप डॉक्टर लखन तिवारी पर लगे हैं। बताया गया है कि लगभग 2 महीने बाद डॉक्टर लखन तिवारी रिटायर हो जाएंगे, इसीलिए वह ज्यादा से ज्यादा अवैध वसूली में लगे हुए।

### इनका कहना है -

मेरे द्वारा सभी बीएमओ को अपने क्षेत्र में नियम विरूद्ध तरीके से क्लीनिक का संचालन करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। रुपयों के लेन देन का मेरे ऊपर लगे सभी आरोप बेगुनियाद है।

**डॉक्टर लखन तिवारी**
जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, छतरपुर

मेरे पास बहुत काम है, मेरे पास जब तक कोई लिखित शिकायत,या वरिष्ठ अधिकारियों का आदेश नही आ जाता। मैं तब तक कार्यवाही नही करूंगा।

**डॉक्टर यशवंत बामोरिया**
**बीएमओ, स्वास्थ्य केंद्र राजनगर**

# बागेश्वर धाम तक बढ़ाई जाए रेलगाड़ियों की सुविधा

### छतरपुर के समाजसेवी ने रेलमंत्री को भेजा सुझाव पत्र

**छतरपुर।** छतरपुर के समाजसेवी एवं सेवा निवृत बैंक मेनेजर काशीराम सोनी ने कलेक्टर के माध्यम से भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सरकार पर बगैर किसी आर्थिक बोझ के छतरपुर जिले के लिए 7 रेलगाड़ियां संचालित करने का सुझाव पत्र भेजा है। समाजसेवी काशीराम सोनी ने बताया कि वर्तमान में विश्व विख्यात बागेश्वर धाम और पर्यटन नगरी खजुराहो तक आवागमन के पर्याप्त साधन नहीं है, जिसके लिए सरकार द्वारा कुछ प्रयास किए जाने की आवश्यकता है, इसी मंशा से उन्होंने रेल मंत्री को सुझाव पत्र प्रेषित किया है। अपने सुझाव पत्र में काशीराम सोनी ने रेल मंत्री को अवगत कराया है कि खजुराहो से कानपुर के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 04143 को अगर



छतरपुर तक बढ़ा दिया जाय तो कानपुर से बागेश्वर धाम और छतरपुर तक के लिए यात्रियों को सीधी सुविधा मिलने लगेगी। इसी तरह खजुराहो से उदयपुर चलने वाली गाड़ी संख्या 19666 खजुराहो एक्सप्रेस अभी हरपालपुर-महोबा- झांसी के रास्ते चलती है। इसे यदि छतरपुर, टीकमगढ़, ललितपुर, झांसी के रास्ते चलाया जाए तो उदयपुर से बागेश्वर धाम और छतरपुर के बीच सीधी सुविधा यात्रियों को मिल सकती है। इसके अलावा श्री सोनी ने यूपी संपर्क क्रांति, महाकौशल एक्सप्रेस, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस और तुलसी एक्सप्रेस को वाया झांसी, ललितपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, खजुराहो, महोबा चलाने और भोपाल से इन्दौर के बीच संचालित वन्दे भारत ट्रेन को खजुराहो तक बढ़ाने का सुझाव दिया है। श्री सोनी ने कहा कि यदि इन 7 ट्रेनों के रूट में थोड़ा परिवर्तन किया जाए तो देश के तमाम हिस्सों के लोगों को खजुराहो, छतरपुर और बागेश्वर धाम आने के लिए आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया है कि वे सुझाव पर विचार कर इस दिशा में उचित निर्णय लें।

# युवक ने एसपी ऑफिस में सुनाई आपबीती, कार्यवाही की मांग

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पन्ना रोड की पैराडाइस कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर अपनी पत्नी और ससुरालीजनों पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। पीड़ित के मुताबिक वह थाने में शिकायत कर चुका है लेकिन पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। एसपी ऑफिस में आवेदन देकर युवक ने कार्यवाही करने की मांग की है। पीड़ित युवक राजेश कुमार पाठक ने बताया कि वह मूलतः बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम झमटुली का रहने वाला है और वर्तमान में छतरपुर शहर में पन्ना रोड पर पैराडाइस कॉलोनी में निवास करता है। राजेश के मुताबिक वर्ष 2014 में उसका विवाह होटल रुद्राक्ष के संचालक सीताराम मिश्रा की पुत्री शुभा के साथ हुआ था। शुभा की पहली शादी उत्तरप्रदेश के झांसी में हुई थी जहां से तलाक होने के पश्चात सीताराम मिश्रा ने उसका दूसरा विवाह राजेश के साथ किया था। राजेश के मुताबिक विवाह के कुछ दिन बाद ही उसकी पत्नी अपने पिता के पैसों की धौंस दिखाकर उसके साथ विवाद करने लगी, और यह क्रम पिछले कई वर्षों से जारी है। पिछले दिनों घरेलू विवाद के बाद राजेश की पत्नी शुभा ने सिविल लाइन थाने में राजेश के विरुद्ध मारपीट की झूठी शिकायत दर्ज करा दी और अपने घरवालों को फोन लगाकर बुला लिया। राजेश का आरोप है कि घर पर आए उसके ससुर सीताराम मिश्रा, साले शिवम मिश्रा, साली पूजा मिश्रा ने पत्नी शुभा के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की है। घटना के बाद उसने थाने जाकर शिकायत की लेकिन पुलिस ने शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की। एसपी ऑफिस में आवेदन देकर राजेश ने पत्नी सहित ससुरालीजनों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।




# अज्ञात व्यक्ति ने तालाब में डाला जहरीला पदार्थ, लाखों मछलियों की हुई मौत



**छतरपुर।** जिले के चंदला कस्बे में स्थित जगमन तालाब में बीते रोज किसी अज्ञात व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ डाल दिया जिस कारण से लाखों की तादाद में मछलियों की मौत हो गई है। चंदला मत्स्य समिति के अध्यक्ष रामप्रकाश उर्फ मंझले रैकवार ने बताया कि उनकी समिति में कुल 27 सदस्य हैं जो इसी तालाब में मछली पालन कर अपने परिवारों का भरण-पोषण करते हैं। करीब 7 माह पूर्व उत्तरप्रदेश के उन्नाव से लगभग 12 लाख 5 हजार मछलियां लाकर तालाब में छोड़ी गई थीं, और कुछ मछलियां पहले से तालाब में थीं। 7 माह में सभी मछलियों का वजन तकरीबन 500 से 1 किलोग्राम तक हो गया था। शुक्रवार की सुबह किसी अज्ञात व्यक्ति ने तालाब में जहरीला पदार्थ डाल दिया जिससे लाखों मछलियों की मौत हो गई और मरी हुई मछलियां तालाब की सतह पर उतराने लगीं। समिति के लोगों को जब यह जानकारी लगी तो वे तालाब पर पहुंचे जहां लगातार मछलियां तड़प-तड़प कर मरते जा रहीं थीं। समिति के लोग चाहकर भी मछलियों को बचा नहीं सके और देखते ही देखते ही तालाब मछली विहीन हो गया। अज्ञात व्यक्ति के इस कृत्य से समिति के लोगों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

# श्रीदेवी को समर्पित 9वें खजुराहो फिल्म फेस्टिवल का आज होगा आगाज

### पूरी हुई तैयारियां, दिग्गज फिल्म कलाकार होंगे शामिल

**छतरपुर।** भारत सरकार के सहयोग से प्रयास प्रोडक्शन मुंबई द्वारा आयोजित खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-2023 का आयोजन 16 से 22 दिसंबर तक पर्यटन नगरी खजुराहो में आयोजित होने जा रहा है। गौरतलब है कि खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 9वां संस्करण है, जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। इस वर्ष का फिल्म महोत्सव प्रसिद्ध अभिनेत्री श्रीदेवी को समर्पित है। लगभग एक सप्ताह तक चलने वाले इस महोत्सव में लघु फिल्मों, वृत्तचित्र और फीचर फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। साथ ही मंचीय कार्यक्रमों में प्रसिद्ध अभिनेता, फिल्म निर्माता, निर्देशक, टीवी कलाकार, कहानी लेखक, गीतकारों सहित फल्म इंडस्ट्री की नामी हिस्तयां भाग लेंगी। खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के संयोजक अभिनेता राजा बुंदेला ने बताया कि सिनेमा मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन, अन्वेषण और हमारी सांस्कृतिक पहचान के दस्तावेजीकरण के लिए महत्वपूर्ण है। हमारा उद्देश्य सिनेमा को जन-जन तक पहुंचना है और इसलिए हम निरंतर सिनेमा के बारे में जागरूकता बढ़ाने, विश्व सिनेमा को महानगरों से दूर बैठे लोगों तक पहुंचाने और अवसरों से वंचित युवाओं को मंच उपलब्ध कराने की मंशा से यह आयोजन कर रहे हैं। नौवां खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव प्रसिद्ध अभिनेत्री श्रीदेवी को समर्पित रहेगा, जिसमें उनके पति एवं प्रसिद्ध फिल्म निर्माता बोनी कपूर, जान्हवी कपूर, अनिल कूपर की विशेष उपस्थिति रहेगी। इसके अलावा इस संस्करण में इस वर्ष अभिनेत्री आशा पारेख, अभिनेता असरानी, गदर-2 के खलनायक मनीष वाधवा, अली खान, अभिनेत्री आर्य शर्मा, रजित कपूर, नाना पाटेकर, सोनाली कुलकर्णी, मंदाकनी, राज बब्बर, पंकज खरबंदा, विजय कश्यप, आदिल, राकेश रोशन, पंकज पराशर, सुभाष घई, जितेंद्र, रूमी जाफ़री, उर्मीला मातोंडकर, रवीना टंडन, पंत, मुकेश छाबड़ा, अनुपम खेर, शेखर कपूर, जैकी श्रॉफ, मनोज बाजपेयी, गुलशन ग्रोवर आदि शामिल होने वाले हैं। श्री बुंदेला ने बताया कि यह आयोजन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार, मध्यप्रदेश पर्यटन मंत्रालय, नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, रेडिको खैतान, एलटी फाउंडेशन, बिग एफएम, छतरपुर जिला प्रशासन, नगर परिषद खजुराहो, दावत राइस, एलआईसी, इंडियन ऑयल और बुंदेला रिजॉर्ट के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। श्री बुंदेला ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### विभिन्न प्रतिभाओं को मंच से मिलेगा गौरव सम्मान

महोत्सव के दौरान राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों, समाजसेवियों, खिलाड़ियों, राजनेताओं एवं साहित्यकारों को अंतरराष्ट्रीय गौरव, राष्ट्रीय गौरव, राज्य गौरव, जिला गौरव और नगर गौरव सम्मान से नवाजा जाएगा। वहीं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार मंच पर नियमित प्रस्तुतियां देंगे। इस बार प्रतिभाओं का चयन जिला स्तर पर महोत्सव के प्रभारी के माध्यम से चयन किया गया है। खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव तथा फिल्म एवं रंगमंच कार्यशाला के आयोजन की तैयारी पूर्ण हो चुकी है। इस बार बनाई गई पांच टापरा टॉकीज में अभिनेत्री श्रीदेवी की चर्चित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा नवोदय फिल्म मेकर्स की फिल्मों, किसानों को समर्पित फिल्मों, अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों एवं युवाओं तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बनाई गई फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# शव को पीएम के लिए भेजकर जांच में जुटी पुलिस

**गढ़ीमलहरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम उर्दमऊ के पूर्व सरपंच की लाश उसके ही खेत पर बने कुंए में मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। उक्त संदिग्ध घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुंए से बाहर निकलवाया और पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने मौके से साक्ष्य एकत्रित कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उर्दमऊ के पूर्व सरपंच दिनेश उर्फ चैनी कुशवाहा उम्र 40 वर्ष भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए थे। विगत चुनाव में उन्होंने सक्रियता से कार्यक्रमों में भाग लिया था। दिनेश पिछले कुछ दिनों से अपने पूरे परिवार सहित खेत पर ही रह रहे थे। मृतक के भाई का कहना है कि गुरूवार की शाम को दिनेश किसी काम से गढ़ीमलहरा गया था और यहां से लौटने के बाद वह फिर से खेत पर चला गया था। इसके बाद शुक्रवार को दिनेश का शव खेत पर बने कुंए में उतराता हुआ मिला। घटना की जानकारी गढ़ीमलहरा पुलिस को दी गई, जिसके बाद नौगांव एसडीओपी सहित थाने के पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति में शव को कुंए से बाहर निकलवाया तथा पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। परिजनों ने हत्या का संदेह भी जाहिर किया है। फिलहाल पुलिस ने मौके से मिले साक्ष्यों को एकत्रित कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# टायर ब्लास्ट से पलटा फलों से भरा मिनी ट्रक

**छतरपुर।** गुलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलवार के पास शुक्रवार को फलों से भरे एक मिनी ट्रक का टायर ब्लास्ट होने के बाद वह अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सुबह के समय फलों से भरा मिनी ट्रक क्रमांक यूपी 95 टी 2646 सागर से छतरपुर की ओर जा रहा था। करीब 7 बजे नेशनल हाईवे पर ग्राम बिलवार के पास ट्रक का पिछला टायर अचानक ब्लास्ट हो गया और ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक चालक और उसका सहयोगी बाल-बाल बच गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकला गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक तेज रफ्तार से जा रहा था और अचानक टायर फटने के कारण पलटकर सड़क के किनारे खाई में पलट गया। ट्रक पलटने के बाद आसपास के ग्रामीणों ने यहां पहुंचकर जमीन पर बिखरे पपीते के फल लूट लिए।



## खबर संक्षेप

### संकल्प यात्रा में हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करें: कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजन करें। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों में यात्रा पहुंचेगी। इन स्थानों में 11 प्रमुख विभागों के स्टाल लगवाएं। यहाँ स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जाँच एवं उपचार शिविर लगाएं। शिविर में विकासखण्ड स्तर के सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी संकल्प यात्रा के कार्यक्रम तथा रूट का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे अधिक से अधिक आमजन इसका लाभ उठा सकें। क्षेत्र के सांसद, विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत पदाधिकारियों को संकल्प यात्रा में अवश्य आमंत्रित करें। सभी एसडीएम संकल्प यात्रा की नियमित मॉनीटरिंग करें तथा यात्रा की प्रतिदिन की गतिविधियों की जानकारी पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रचार वाहन से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ-साथ खण्ड स्तर के अधिकारी कार्यक्रम स्थल में विभागीय योजनाओं की जानकारी आमजनता को दें। शिविर में आधार कार्ड में सुधार तथा आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें। लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य भी किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल में संबंधित क्षेत्र के बीएलओ उपस्थित रहकर पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के आवेदन पत्र भरवाएं। शिविर में जलजीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की भागीदारी भी सुनिश्चित करें। शिविर में अटल पेंशन योजना के आवेदन पत्र अवश्य भरवाएं। बैठक में उपस्थित जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं से स्वीकृत अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा कराएं। सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण तथा न्यायालय में लंबित प्रकरणों में जवाबदावा दायर करने के लिए विशेष प्रयास करें। अधूरे प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण अभियान चलाकर पूरा कराएं। ग्रामीण क्षेत्र के अनुपयोगी तथा खुले सभी बोरवेल बंद कराएं। बैठक में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा, सभी एसडीएम, जनपद के सीईओ तथा नगर परिषदों के सीएमओ उपस्थित रहे।

### 12 लाख रूपये का किया जुर्माना

# एक माह में अवैध खनिज परिवहन के 23 प्रकरण दर्ज

रीवा ! रीवा में खनिज का अवैध कारोबार चरम पर है, ये हालात खनिज विभाग में अंगद के पांव की तरह जड़ फोड़ कर बैठे मानचित्रकार के संरक्षण में हुआ है। अवैध खदानों से लेकर परिवहन करने वाले वाहन चालकों तक को मानचित्रकार का संरक्षण मिला हुआ है। मजे की बात तो यह है कि खनिज माफियाओं में सेवाभाव जागृत करने के लिए मानचित्रकार खदान से सब्बल, झूमर, तसला तक उठा लाने में कोई संकोच नहीं करते। खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी के पहले जितने भी खनिज अधिकारी आये मानचित्रकार की हाथों की कठपुतली बनकर रह गये। हाल ही में दीपमाला तिवारी ने रीवा जिले के खनिज कार्यालय की बागडोर संभाली है।




बताया जाता है कि जब से रीवा की कमान उनके हाथों में तब से खनिज माफियाओं पर ताबड़तोड़ कार्रवाही कर रही है। ये कार्रवाही बिन मौसम बरसात की तरह है या फिर मानसून बरसात की तरह यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। लेकिन हाल ही में तो जिस तरह से खजिन के अवैध परिवहन पर कार्रवाही की गई उससे कहीं न कही खनिज माफियाओं में खौफ जरुर समा गया है। खनिज अधिकारी पर दबाव बनाने माफिया लिफाफे के साथ ही सफेदपोश नेताओं के शरणागत होने शुरु कर दिये है। मिली जानकारी के अनुसार खनिज अधिकारी दीपमाला तिवारी ने नवबंर-दिसबंर माह में जिले से यूपी के ओर अवैध परिवहन कर ले जाने वाली गिट्टी से लोड 23 गाडिय़ों पर कार्रवाही की। कार्रवाही यूपी रोड में गढ़, सोहागी, मनगवां और चाकघाट में की गई। बताया गया कि खनिज अधिकारी ने गिट्टी के अवैध परिवहन पर अपराध पंजीबद्ध करते हुए खनिज माफियाओं पर 11 लाख 50 हजार रूपये का जुर्माना कर शासन को राजस्व लाभ दिलाया। यही वाहन स्वामी गिट्टी का अवैध परिवहन कर शासन को राजस्व क्षति पहुंचाते हुए खनिज विभाग में बैठे मानचित्रकार से लेकर थाना में बैठे स्टारधारी की सेवाभाव कर उनके जेबों को वजन बढ़ाते है। बाक्स बाक्साइट माफिया हीरा पांडेय पर भी हो चुकी कार्रवाही रतहरा स्थित बाक्साइड का भंडारण करने वाले माफिया हीरा पांडेय पर भी खनिज अधिकारी ने कार्रवाही करते हुए 66 हजार रूपये जुर्माना किया था। बताया जाता है कि खनिज माफियाओं में हीरा पांडेय का नाम सुर्खियों में है जिसे नेताओं का तो संरक्षण है ही साथ खनिज विभाग का लंबे समय से संरक्षण मिलता चला आ रहा है। हाल ही में मीडिया में लगातार खबरे प्रकाशित होने पर नवागत खनिज अधिकारी दीपामाला तिवारी ने अपने संज्ञान में लेते हुए दबिस दी। देखा तो ठीहे के बाहर भारी मात्रा में बाक्साइट पड़ी मिली। जिस पर कार्रवाही करते हुए हीरा पांडेय को अर्थदंड से दंडित किया। वहीं दूसरी ओर सूत्र बताते हैं कि उक्त बाक्साइड हीरा पांडेय की न होकर एक बड़े खनिज माफिया की थी जो पर्दे के पीछे रहकर अवैध उत्खनन का काम करता है। हीरा पांडेय पर हुए जुर्माने की राशि उक्त खनिज माफिया द्वारा हीरा पांडेय को आगे कर जमा की गई है। बाक्स खनिज माफिया अनिल ने ओढ़ा पत्रकारिता का चोला, थार में लिखवा रखा है मीडिया अवैध कारोबार में लिप्त कई ऐसे चेहरे है जो पुलिस और खनिज विभाग से बचने के लिए पत्रकारिता को चोला ओढ़े हुए है। कोई नशीली कफ सिरफ का काम करता है तो कोई गांजा, शराब का। अनिल मिश्रा भी ऐसों मे से ही है जिनका नाम शातिर खनिज माफियाओं में लिया जाता है। मजे की बात तो यह है कि अनिल मिश्रा अपने को पत्रकार बताता है और अपने थार वाहन में भी मीडिया लिखवा रखा है। माफियाओं की मंडी में अनिल मिश्रा का नाम बाक्साइट माफियाओं में शामिल है। जो अपना ठीहा रतहरा टोल प्लाजा के पहले बना रखा है। आश्चर्य की बात उक्त अवैध ठीहे के सामने ही पुलिस की एफआरबी भी खड़ी रहती है। लेकिन मीडिया का चोला देख पुलिस भी हाथ डालने से पीछे भागती है। जबकि उक्त माफिया का किसी भी न तो इलेक्ट्रानिक चैनल से वास्ता है और न ही प्रिंट मीडिया से।

# उप मुख्यमंत्री पहुंचे रीवा





### कलश दिखाने के साथ ही फूल मालाओं से जगह-जहग हुआ स्वागत



**रीवा।** नव निर्वाचित उप मुख्यमंत्री के स्वागत में उमड़ पड़ा जन सैलाव उप मुख्यमंत्री के पद से नवाजे गये रीवा के विकास पुरूष राजेंद्र शुक्ला देर शाम शहर में प्रवेश किया। सुबह से उनके आने की तैयारी में जुटे शहरवासियों चेहरे खिल उठ गये। शहर में प्रवेश करते हुए हिंदू धर्म के अनुसार कलश दिखा कर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला का स्वागत किया गया। जगह-जगह लोग उनके स्वागत की तैयारी में पंडाल सजाये हुए थे। मार्ग में पडऩे वाले पंडालों पर काफिले को रोक कर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला का पुष्पवर्षा करते हुए माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में उमरी में भूपेंद्र सिंह, छत्रपाल सिंह, चोरहटा बाइपास में राजीव शर्मा एंव सेमरिया के वरिष्ठ नागरिकों का काफिला, गुरूकुल स्कूल मोड़ के पास राजेंद्र शुक्ला चोरहटी, सतीश उरमलिया, अशोक चतुर्वेदी, नहर के पास वार्ड क्रमांक 4 के भाजपा पार्षद दारा सिंह व इंद्रजीत तिवारी, गोड़हर मोड़ के पास बालानंद द्विवेदी, विकास शुक्ला, सतीश पांडेय, नागेंद्र पांडेय, जानू त्रिपाठी, एजी कॉलेज तिराहे के पास अज्जू पार्षद, मधु द्विवेदी, सुनील द्विवेदी, जेपी मोड़ के पास जगतपति द्विवेदी, रितेश द्विवेदी, अनिल एंव शैलेंद्र मिश्रा, संतोष डीजल के पास दिलीप तिवारी, डॉक्टर सीएल रावत, चंद्रशेखर तिवारी, रजनीश बारी, भाजपा कार्यालय ढेकहा में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी कर पुष्पमाला के साथ भव्य स्वागत किया गया। इसी प्रकार राजपूत गन सर्विस के पास वार्ड क्रमांक 5 के भाजपा पार्षद संजू सिंह, राजीव वर्मा, गौरव पांडेय, प्रभाकर चतुर्वेदी एवं मैदानी से वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। जय स्तंभ चौक में सुनील शर्मा, राजेश सिंह, अनिल शुक्ला पप्पू, बैजूधर्म शाला के पास सतीश सोनी, नागेंद्र गुप्ता, दीपक सेन। शंकर लाइट हाउस के पास सुनील शुक्ला भाजपा पार्षद, अंबुज रजक। कल्पना स्टूडियो के पास अमित ताम्रकार। खन्ना चौराहा में गुलाब खान, नानक पंजवानी। नगर निगम के सामने भाजपा के पार्षद गणों ने फूल माला से उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया। घोड़ा चौराहा में नरेश काली, भाजपा पार्षद दीनानाथ वर्मा, नंदलाल ताम्रकार के साथ ही गायत्री परिवार तथा विंध्य व्यापारी संघ द्वारा गजमाला के साथ भव्य स्वागत किया गया। प्रकाश चौराहा बीडी कछवाहा, मनीष श्रीवास्तव, श्रीकृष्ण गुप्ता। छोटी दरगाह के साथ संजय खान उर्फ सोनू मुस्लिम एवं उनके साथी गण। अस्पताल चौक में अनिल बुदवानी और संजय चावला ने स्वागत किया। जय भोले ट्रंक स्टोर के पास राजेंद्र वर्मा। कला मंदिर मोड़ तथा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सामने डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल, अनेंद्र सिंह अंजू एवं शंकर सहानी। होटल सफारी के सामने कपिल चौरसिया, राहुल टंडन। गुरूद्वारा मोड़ के पास हरभगवान सिंह, अशोक राजऋषि। गल्लामंडी मोड़ के पास भाजपा पार्षद वंदना सिंह, उपदेश पंसारी, नितिन सिंह, अनुज प्रताप सिंह गुड्डू यशवर्धन सिंह, थानेश्वर सिंह, जितेंद्र जायसवाल तथा राजेश पटेल। अमहिया मोड़ के पास जयकांत अग्रवाल, शिवेंद्र शुक्ला, पूजा प्रमोद सिंह, अश्वनी शर्मा, विक्रम सिंह के साथ पताजंलि ग्रुप एंव वार्ड 24, 25 एवं वार्ड क्रमांक 17 के वरिष्ठ नागरिक गणों ने नवनिर्वाचित उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला का पुष्पमाला से भव्य स्वागत कर एक-दूसरे को मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज से

रीवा ! भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज 16 दिसंबर को किया जायेगा। रीवा जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम सिरमौर चौराहा स्थित नवनिर्मित सब्जी मंडी प्रांगण, आईजी ऑफिस के पास किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। यह कार्यक्रम अपरान्ह 2.30 बजे से आरंभ होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो प्रसारण के माध्यम से अपरान्ह 4 बजे फ्लैग आफ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। फ्लैग आफ करने के उपरांत जिले के लिये प्राप्त प्रचार वाहन रूट चार्ट के अनुसार रवाना की जायेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अपरान्ह 4.25 बजे कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाये जायेंगे। इस यात्रा के दौरान केन्द्र शासन की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने का कार्य किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपरांत प्रचार रथ अपने निर्दिष्ट स्थलों में पहुंचेंगे तथा रूट चार्ट के अनुसार 17 दिसंबर से जिले के सभी स्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

# मऊगंज के मदन मोहन मालवीय थे रामधनी मिश्र



**मऊगंज।** जिले के मऊगंज पुर्व विधायक स्वर्गीय रामधनी मिश्र की 25वी पुण्यतिथि मनाई गई। मऊगंज की शिक्षा व्यवस्था पहले और आज में धरती आसमान का अंतर है किंतु आज आधुनिक व धन व्यवस्था होने के बावजूद भी शिक्षा का स्तर वह नहीं मिल पा रहा जो स्वर्गीय पंडित रामधनी मिश्र अपने समय में मऊगंज की जनता को समर्पित कर गए मऊगंज ही नहीं बरन जिला प्रदेश व दूसरे राज्यों से छात्र शिक्षा लेने सिर्फ मऊगंज ही आते थे राजनीति और शिक्षा दोनों को स्वच्छ व साफ सुथरी पहचान देने वाले स्वर्गीय पंडित रामधनी मिश्र की आज 25वीं पुण्यतिथि मनाई गई मऊगंज क्षेत्र के लिए अपनी अलग पहचान व अमिट दोनों शिक्षण संस्थान जनता को समर्पित करने वाले मऊगंज के मदन मोहन मालवीय की उपाधि से नवाजे गए पंडित रामधनी मिश्रा का आज उनके द्वारा निर्मित महाविद्यालय एवं सरस्वती बाल मंदिर दोनों शिक्षण संस्थानों में उनके पौत्र और शिक्षण संस्थानों से जुड़े शिक्षकों ने आज उनकी 25वीं पुण्यतिथि मनाई इस अवसर पर उनके पौत्र बसंत मिश्रा सरस्वती बाल मंदिर विद्यालय के अध्यक्ष द्वारा मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ उनके विचार समाज के प्रति उनकी संवेदनाएं और शिक्षा के लिए जो योगदान दिया गया उन्हें याद करते हुए उनकी पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य बीएस पटेल, टीपी शुक्ला, सीएल शर्मा, एसपी सिंह, राम मूर्ति चतुर्वेदी, राम यस त्रिपाठी, कामेश्वर मिश्र, राजेंद्र दुबे ,एम एम यादव, उर्मिला मिश्रा, दिलीप मिश्रा साथ ही शासकीय शाहिद केदारनाथ महाविद्यालय के प्राचार्य आलोक राय, प्रो . अनवर खान, विवेक पटेल, विनोद वर्मा, शाश्वत पांडे नर्सिंग मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कड़ाके की सर्दी में नहीं जल रहे अलाव



### ठंड से लोग परेशान, नगर प्रशासन मौन

**मऊगंज।** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड से गरीबों, असहायों और यात्रियों के लिए फजीहत बढ़ गई है। लेकिन, इससे बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों पर नगर प्रशासन की ओर से अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि सूत्रों की माने तो अलाव के संबंध में शासन पहले ही नगर निकायों को पत्र जारी कर चुका है कि लोगों को ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जानी चाहिए। लेकिन मऊगंज, हनुमना,नईगढ़ी मे नगर परिषद द्वारा कोई व्यवस्था नही की गई है।बाजार, ब्लाक चौराहा, हॉस्पिटल परिसर, सहित सब्जी मंडी बाजार में आवागमन करने वाले लोगों को ठंड से काफी दुश्वारियां उठानी पड़ रही हैं। दिसंबर माह आखिरी चल रहा है। लेकिन नगर का जिम्मेदार अमला, निकाय प्रशासन मौन है। तों वही नगर में शीतलहर जैसी स्थिति निर्मित हुई है इस कड़ाके की सर्दी में लोग आग को सहारा बनाना शुरु कर दिया है। इस कड़ाके की सर्दी में नगर निकाय अभी भी अनजान बना हुआ है। ग्रामीणों सहित मुसाफिरों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पड़ रही कड़ाके की सर्दी से क्षेत्र में लोग बेहाल दिखे। ग्रामीण क्षेत्र से बाजार सहित आवश्यक कार्य के लिए आए ग्रामीणों को चाय-पान की दुकानों पर भट्टियों का सराहा लेते दिख रहै है। क्षेत्रीय लोगों ने ठंड को देखते हुए तत्काल बाजार सहित सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने की मांग की है।

### होटल, ठेला और ढाबे पर किया जा रहा उपयोग

# होटल, ढाबों व ठेलों पर किया जा रहा है घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग

**मऊगंज।** जिले के अंतर्गत शहर से लेकर कस्बे में घरेलू गैस की कालाबाजारी धड़ल्ले से चल रही है। जिसमे मऊगंज, खटखरी, हनुमना, पहाड़ी, शाहपुर, नईगढ़ी, देवतालाब मे नियमों को ताक पर रखकर होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानों और ठेले पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा इस पर रोक लगाने के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। खासबात यह है कि मऊगंज जिले अंतर्गत जितने होटल, रेस्टोरेंट, चाट दुकान और चाय दुकान है। उनमें अधिकांश दुकानों में खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। लेकिन खाद्य विभाग सहित स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके चलते होटल व रेस्टोरेंट संचालकों के हौंसले बुलंद हैं। और इन्हें जरा भी नियमों की परवाह नहीं है। और न ही प्रशासन का खौफ। विभागीय उदासीनता के कारण होटल व रेस्टोरेंट मालिक व्यवसायिक सिलेंडरों का उपयोग करना ही भूल गए हैं। और धड़ल्ले से घरेलू सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं।

### कार्रवाई न होने से घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी जोरों पर

अगर खाद्य विभाग और प्रशासन की बात की जाए तो कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कोरम पूर्ति की जाती है। होटल चलाने वाले, ठेला पर चाय दुकान और चाट दुकान चलाने वाले लोगो को प्रशासन और खाद्य विभाग के अधिकारियों से बिल्कुल खौफ नहीं है। इसलिए रोड पर घरेलू गैस रखकर खुलेआम अपनी दुकान चला रहे है। आलम यह है



कि होटल, चाय दुकान, चाट दुकान के साथ शादी समारोह में भी व्यावसायिक गैस सिलेंडर के स्थान पर घरेलू गैस सिलेंडर का खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। जबकि खाद्य विभाग ने सभी मांगलिक कार्यक्रमों व होटल संचालकों को घरेलू गैस का उपयोग नहीं करने की हिदायत दे रखी है। बावजूद इसके घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग बेरोक टोक जारी है। होटलों में घरेलू गैस का उपयोग होने से जहां होटल मालिक मजे में है। वही दूसरी ओर उपभोक्ता परेशान हैं। होटलों में घरेलू गैस का उपयोग होने के कारण गैस की कालाबाजारी करने वाले भी सक्रिय हैं। होटलों में गैस का उपयोग ज्यादा होने के कारण आम उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध नहीं हो पाता है। आम जनों को कभी कभी तो गैस सिलेंडरो के लिए कई बार एजेंसी का चक्कर काटना पड़ता है। वहीं होटल संचालकों को आसानी से ब्लैक में सिलेंडर मिल जाता है। जिससे घरेलू गैस का उपयोग होटलों में होने के कारण गैस सिलेंडर की मांग बढ़ रही है। जिस कारण आम उपभोक्ताओं को गैस समय पर नहीं मिल पा रही है।व्यवसायिक गैस की जगह घरेलू गैस का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी की नजर भी पड़ती है। लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है।

रसोई गैस की कालाबाजारी व रिफिलिंग का अवैध कारोबार एजेंसी प्रबंधकों व प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। गौरतलब है कि गैस प्राधिकरण अधिनियम में साफ लिखा है कि होटल, रेस्टोरेंट और व्यावसायिक वस्तुओं के निर्माण में यहां तक कि समरोह आदि में भी कमर्शियल गैस सिलेंडर का इस्तेमाल होना चाहिए। यदि कोई इस कानून का उल्लंघन करता है। तो उसके खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए. लेकिन अधिकारियों की नजर अंदाजी से जिले भर में सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलु गैस सिलेंडर का इस्तेमाल हो रहा है। जिले में कई वर्षों से घरेलू गैस की रिफिलिंग का धंधा फल-फूल रहा है। बावजूद इसके खाद्य विभाग की कार्रवाई नगण्य है।